>

Title: Need to take effective steps to control the population rate in the country.

**श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर):** देश में जनसंख्या वृद्धि दर दिन प्रतिदिन घातक रूप लेजी जा रही है। भविष्य में यह समस्या विकराल रूपधारण कर लेगी, ऐसी आशंका है। इस समस्या से निजात पाने के लिए सभी राज्य सरकारों को केन्द्र सरकार के साथ मिल कर काम करना होगा।

जनसंख्या का स्थिरीकरण के संबंध में अब भी कोई ठोस और कारगर नीति नहीं अपनाई गई तो आने वाले समय में यह संकट कितना गहरा रूपधारण करेगा, इसका अनुमान लगाना कठिन है। आज जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि देखी जा रही है, वह देश के विकास में भारी बाधा उत्पन्न कर रही है।

इस संदर्भ में खासकर मैं यह भी सरकार की जानकारी में लाना चाहता हूं कि ऐसे भी माता-पिता हैं जो एक लड़का या लड़की को जन्म देने के बाद परिवार नियोजन अपनाये हुए हैं, लेकिन उन्हें सरकार की ओर से कोई प्रोत्साहन स्वरूप मदद नहीं मिली है। अगर सरकार इस तरह की कोई मदद की घोषणा करती है तो मैं समझता हूं कि ऐसे मां-बाप की संख्या में वृद्धि होगी, जो एक लड़का या लड़की के जन्म के पश्चात परिवार नियोजन अपना लेंगे। यह जनसंख्या वृद्धि दर को रोक पाने में एक अच्छा उपाय साबित हो सकता है।